सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

# बजट 2023-2024

# वित्त एवं विनियोग विधेयक
# चर्चा पर
# श्री अशोक गहलोत
## मुख्यमंत्री
## की घोषणाऐं

**17 मार्च, 2023**

79. माननीय सदस्यों को याद होगा कि प्रदेश के इस विकसित IT तंत्र का लाभ घर बैठे प्राप्त करने हेतु सम्बल प्रदान करने की दृष्टि से मैंने गत बजट में चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखिया को **Smart Phone** मय Internet Connectivity उपलब्ध करवाने हेतु **मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना** की घोषणा की थी। इस निर्णय के पश्चात् अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर Smart Phone/Automobiles में प्रयोग किये जाने वाले Chipset की Crisis उत्पन्न हो गयी थी। इस कारण Smart Phone की उपलब्धता की समस्या के साथ ही कीमतों में भी वृद्धि हो गयी। फिर भी हम इस कार्य को अब चरणबद्ध रूप से पूर्ण करेंगे।

प्रथम चरण के रूप में आगामी वर्ष बहन–बेटियों के पावन पर्व **'राखी'** से चिरंजीवी परिवारों की सरकारी विद्यालयों में 10वीं से 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्राओं, सरकारी उच्च शिक्षण संस्थाओं (महाविद्यालय/ ITI/ Polytechnic) में अध्ययनरत छात्राओं तथा विधवा/एकल नारी पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं को इस योजनान्तर्गत यह Smart Phone उपलब्ध करवाये जायेंगे। इस प्रकार प्रारम्भिक चरण में लगभग 40 लाख लाभान्वितों को यह Smart Phone प्राप्त हो सकेंगे।

80. प्रदेश में कुशल वित्तीय व बजटीय प्रबन्धन के साथ–साथ कर प्रणाली के सरलीकरण हेतु **Integrated Financial Management System (IFMS 3.0)** तथा **Integrated Tax Management System (ITMS)** लागू करने के साथ ही, सरकारी खरीद प्रक्रिया हेतु नवीन राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम/नियम (RTPP Act/Rules) तथा वित्तीय लेखांकन व सार्वजनिक निर्माण सम्बन्धी **Integrated Rajasthan Financial Accounting Rules** बनाये जाने प्रस्तावित हैं।